दिन– बुधवार दिनांक– 14 / 05 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने तपेदिक उन्मूलन की भारत की प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हुये सफल रणनीतियों को बढ़ाने का आह्वान किया।

02. ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बारे में लोगों को जानकारी देने के लिए प्रदेश में आज से शुरू हो रही है तिरंगा यात्रा।

03. सहकारिता मंत्री डॉक्टर प्रेम कुमार ने कहा– राज्य के पन्द्रह जिलों के एक सौ चौवालीस प्रखंडों में सहकारी बैंकों का विस्तार किया जायेगा।

04. और, खेलो इंडिया यूथ गेम्स के एथलेटिक्स स्पर्धाओं में बिहार का शानदार प्रदर्शन। तीन रजत और एक कांस्य समेत कुल चार पदक जीते।

———————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने टी बी यानी क्षय रोग उन्मूलन की भारत की प्रतिबद्धता स्पष्ट करते हुए प्रभावी रणनीतियों पर बल दिया है। उन्होंने तपेदिक की शीघ्र पहचान और सफल उपचार की दिशा में पिछले वर्ष हुई प्रगति की सराहना की। प्रधानमंत्री ने कल राष्ट्रीय टी बी उन्मूलन कार्यक्रम की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए अधिक संक्रमण वाले जिलों में हाल में संपन्न सौ दिन के टी बी मुक्त भारत अभियान की भी समीक्षा की। ब्यौरा हमारे संवाददाता से–

———बाईट———

———————————————————

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बारे में लोगों को जानकारी देने के लिए प्रदेश में आज से तिरंगा यात्रा की शुरूआत हो रही है। भाजपा आज राजधानी पटना में शाम साढ़े पांच बजे तिरंगा यात्रा निकालेगी। और ब्यौरा हमारे संवाददाता से–

———बाईट———

तिरंगा यात्रा शहर के एस.पी. वर्मा रोड से शुरू होकर कारगिल चौक तक जायेगी। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष डॉक्टर दिलीप जायसवाल ने बताया कि कल कमिश्नरी मुख्यालयों और सोलह मई को सभी जिला मुख्यालयों में तिरंगा यात्रा निकाली जायेगी। तेईस मई तक चलने वाली इस यात्रा में सामाजिक कार्यकर्ता, पूर्व सैनिक और सामाजिक संगठन शामिल हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि यात्रा के दौरान नरेन्द्र मोदी सरकार के दृढ़ नेतृत्व में सैन्य बलों के पराक्रम के बारे में लोगों को जानकारी दी जा रही है। आकाशवाणी समाचार के लिए पटना से धर्मेन्द्र कुमार राय।

———————————————————

न्यायमूर्ति भूषण रामकृष्ण गवई आज देश के बावनवें मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ लेंगे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु राष्ट्रपति भवन में एक विशेष समारोह में उन्हें शपथ

दिलाएंगी। न्यायमूर्ति बी. आर. गवई न्यायमूर्ति संजीव खन्ना का स्थान लेंगे, जो कल सेवानिवृत्त हो गये हैं। एक रिपोर्ट–

–––बाईट–––

––––––––––––––––––––––––––––––––––

राज्य के पन्द्रह जिलों के एक सौ चौवालीस प्रखंडों में सहकारी बैंकों का विस्तार किया जायेगा। सहकारिता मंत्री डॉक्टर प्रेम कुमार ने पटना में संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि राज्य सरकार ने इसके लिए रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया से अनुमति मांगी है। श्री कुमार ने कहा कि वर्तमान में तेईस जिलों में सहकारिता बैंक मौजूद हैं। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष दो हजार पच्चीस के अवसर पर छह से तीस मई तक सहकारिता विभाग की ओर से सहकारी बैंकों में विशेष बैंकिंग अभियान चलाया जा रहा है।

–––बाईट–––

सहकारिता मंत्री ने कहा कि पन्द्रह जून तक सभी प्रखंडों में बिहार स्टेट वेजिटेवल प्रोसेसिंग एंड मार्केटिंग फेडरेशन– वेज फेड का गठन किया जायेगा।

–––बाईट–प्रेम कुमार–––

––––––––––––––––––––––––––––––––––

राज्य के सभी इंजीनियरिंग कॉलेजों के छात्र–छात्राओं को विदेशी भाषा भी पढ़ाई जाएगी। मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा ने पायलट प्रोजेक्ट के तहत पन्द्रह राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालयों में फ्रेंच और जर्मन में प्रशिक्षण कार्यक्रम का वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि विज्ञान, प्रावैधिकी और तकनीकी शिक्षा विभाग के तहत इंजीनियरिंग कॉलेजों के छात्र–छात्राओं को विदेशी भाषा की पढ़ाई करायी जाएगी। श्री मीणा ने बताया कि पायलट प्रोजेक्ट की सफलता के बाद अन्य सभी इंजीनियरिंग कॉलेजों में इसका विस्तार किया जायेगा। विदेशी भाषा की पढ़ाई एक सेमेस्टर में छह माह की होगी। कोर्स पूरा करने वाले छात्र–छात्राओं को संबंधित भाषा सीखने का सर्टिफिकेट भी मिलेगा।

––––––––––––––––––––––––––––––––––

निर्वाचन आयोग ने बीस वर्ष पुराने उस जटिल मुद्दे को सुलझा लिया है, जिसमें देश के विभिन्न हिस्सों में दर्ज मतदाताओं को गलती से एक जैसे मतदाता फोटो पहचान पत्र जारी कर दिए गए थे। विभिन्न राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के निर्वाचन अधिकारियों ने वर्ष दो हजार पांच से ही अपने अपने क्षेत्रों में विधान सभा सीटों के अनुसार अलग–अलग अल्फा न्यूमेरिक सीरीज में ये फोटो पहचान पत्र जारी कर रखे

थे। जांच में पाया गया कि समान नंबर के फोटो पहचान पत्र वाले ये सभी मतदाता अलग–अलग विधानसभा क्षेत्रों और मतदान केन्द्रों में वास्तविक मतदाता थे।

———————————————————————

जम्मू–कश्मीर में ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान की गोलाबारी में बीएसएफ के जवान सिकंदर राउत शहीद हो गये हैं। वे नालंदा जिले के बिंद थाना क्षेत्र के उतरथु गाँव के निवासी थे। हमारे संवाददाता ने बताया है कि उनकी शहादत की खबर के बाद परिवार समेत पूरा गांव शोक में है। गौरतलब है कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान प्रदेश के तीन जवान शहीद हुये हैं।

———————————————————————

खेलो इंडिया यूथ गेम्स के एथलेटिक्स स्पर्धाओं में बिहार के खिलाड़ियों ने तीन रजत और एक कांस्य समेत कुल चार पदक जीत कर शानदार प्रदर्शन किया है। सौ मीटर दौड़ में औरंगाबाद के प्रिंस कुमार और चार सौ मीटर दौड़ में रोहतास के पियूष राज ने रजत पदक जीता है। वहीं, चार गुना सौ मीटर की रिले दौड़ में भी प्रदेश के एथलीटों ने रजत पदक हासिल किया है। इधर, समस्तीपुर के विजय कुमार ने पन्द्रह सौ मीटर दौड़ में कांस्य पदक प्राप्त किया। इन खेलों में महाराष्ट्र ने सौ पदकों का शानदार आंकड़ा पार कर लिया है। छियालीस स्वर्ण और अड़तीस रजत पदकों के साथ एक सौ बीस पदक जीतते हुए महाराष्ट्र पदक तालिका में शीर्ष पर बना हुआ है। बिहार इस तालिका में सत्रहवें स्थान पर है।

———————————————————————

मौसम विभाग ने कहा है कि आज पटना, गया, जहानाबाद और वैशाली जिले में गर्म दिवस की स्थिति बनी रहेगी। जबकि राज्य के दक्षिण–मध्य दक्षिण–पश्चिम क्षेत्र में कुछ स्थानों पर आज बारिश और वज्रपात की सम्भावना है। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि अगले तीन से चार दिनों के दौरान औसत तापमान में किसी विशेष परिवर्तन की संभावना नहीं है। इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान रोहतास का डेहरी राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा। यहां का अधिकतम तापमान बयालीस डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। वहीं, गया का अधिकतम तापमान इकतालीस दशमलव सात और बक्सर का इकतालीस दशमलव दो डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

———————————————————————

कटिहार जिले के कृषि विज्ञान केंद्र में प्रदेश का चौथा सामुदायिक रेडियो स्टेशन खोला जायेगा। बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर के प्रसार शिक्षा निदेशक डॉक्टर आर. के सोहाने ने बताया है कि इस केन्द्र के माध्यम से सुदूर इलाकों में रहने वाले किसानों को आधुनिक खेती, मौसम और महिला तथा बच्चों के सर्वांगीण विकास के बारे में

जानकारी दी जाएगी। श्री सोहाने ने बताया कि वर्तमान में प्रदेश में सबौर, बाढ़ और गया में सामुदायिक रेडियो स्टेशन चल रहे हैं।

———————————————————————

केन्द्र सरकार ने तेईस सितम्बर को आधिकारिक रूप से आयुर्वेद दिवस घोषित किया है। आयुष मंत्रालय के अनुसार पहले आयुर्वेद दिवस धनतेरस पर्व के दिन मनाया जाता था। मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि अगले दशक में धनतेरस पन्द्रह अक्तूबर और बारह नवम्बर के बीच अलग–अलग तिथियों पर पड़ेगा जिससे राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर आयुर्वेद दिवस के आयोजनों में बाधा आयेगी। मंत्रालय ने कहा कि आयुर्वेद को वैज्ञानिक, साक्ष्य आधारित और प्रभावी चिकित्सा प्रणाली के रूप में बढ़ावा देने के लिए प्रत्येक वर्ष आयुर्वेद दिवस मनाया जाता है।

———————————————————————

प्रदेश में राशन कार्ड अब ऑनलाईन भी बनाया जा सकता है। योग्य लाभार्थी नया राशन कार्ड बनवाने के लिए वेबसाइट Rc online.bihar.gov.in पर आवेदन कर सकते हैं। खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के अनुसार वेबसाईट पर न्यू यूजर साइन अप फॉर मेरी पहचान पर क्लिक कर रजिस्ट्रेशन करना होगा।

———————————————————————

सीबीएसई ने दसवीं और बारहवीं बोर्ड परीक्षा के परिणाम जारी कर दिए हैं। दोनों ही परीक्षाओं में छात्राओं की सफलता का प्रतिशत अधिक है। पटना जोन में बारहवीं की परीक्षा में छात्राओं की सफलता का प्रतिशत छात्रों से दस दशमलव पांच प्रतिशत अधिक है। दसवीं में बिहार जोन के इक्यानवे दशमलव सात–आठ और बारहवीं में उनासी प्रतिशत छात्रों को सफलता मिली है।

———————————————————————

पटना जंक्शन पर रेल पुलिस ने चोरी के मोबाईल के साथ पन्द्रह अपराधियों को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————

निगरानी की टीम ने सीवान जिले के असांव थाने के दारोगा मिथिलेश कुमार को बीस हजार रूपये घूस लेते रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया है।

———————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने ऑपरेशन सिंदूर को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हवाले से लिखा है– घुसकर मारेंगे, बचने का मौका भी नहीं देंगे।

दैनिक जागरण की बड़ी खबर है– पाकिस्तान ने माना ऑपरेशन सिंदूर में मारे गये ग्यारह सैन्य कर्मी।

दैनिक भास्कर ने महंगाई पर राष्ट्रीय संख्यिकी कार्यालय की रिपोर्ट पर लिखा है– महंगाई छह साल के न्यूनतम स्तर पर। फलों और दाल के दाम में आई गिरावट।

प्रभात खबर लिखता है– सीएम ने सारण में शहीद इम्तियाज को दी श्रद्धांजलि। पुत्र को नौकरी, सड़क होगी शहीद के नाम।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने तपेदिक उन्मूलन की भारत की प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हुये सफल रणनीतियों को बढ़ाने का आह्वान किया।

02. ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बारे में लोगों को जानकारी देने के लिए प्रदेश में आज से शुरू हो रही है तिरंगा यात्रा।

03. सहकारिता मंत्री डॉक्टर प्रेम कुमार ने कहा– राज्य के पन्द्रह जिलों के एक सौ चौवालीस प्रखंडों में सहकारी बैंकों का विस्तार किया जायेगा।

04. और, खेलो इंडिया यूथ गेम्स के एथलेटिक्स स्पर्धाओं में बिहार का शानदार प्रदर्शन। तीन रजत और एक कांस्य समेत कुल चार पदक जीते।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।